खण्ड-14 संख्या-17

# दशम् बिहार विधान-सभा

## विधान सभा वाद वृत्त

### भाग- 1

### कार्यवाही प्रश्नोत्तर

वृहस्पतिवार, दिनांक 21 जुलाई 1994 ई०

हजार एकड़ भूमि का लक्ष्य उक्त वर्ष में रखा गया एवं उसकी सूचना भारत सरकार को भी दी गयी ।

(2) आलोच्य वर्ष के प्रथम दस माह अर्थात जनवरी, 1994 तक 4348.40 (चार हजार तीन सौ अड़तालीस एकड़ और चालीस डिसमल) एकड़ भूमि का वितरण किया गया था, जो निधारित लक्ष्य के 62 प्रतिशत है । मार्च, 1994 तक कुल 7452.68 (सात हजार चार सौ बावन एकड़ और अड़सठ डिसमल) एकड़ भूमि का वितरण हुआ है, जो निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत से भी अधिक है ।

(3) प्रश्न नहीं उठता है ।

## अंचलाधिकारी का स्थानान्तरण

1042. **श्री विजय कुमार सिंह** :- क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी प्रखंड में श्री शीलभद्र श्रीवास्तव, अंचल अधिकारी लगभग पाँच वर्षों से अधिक समय से केवटी अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कोई भी सरकारी पदाधिकारी तीन वर्षों से अधिक समय तक एक स्थान पर पदस्थापित नहीं रह सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो

सरकार उक्त अंचलाधिकारी का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

**श्री देवनारायण यादव** :- (1) दरभंगा जिला के केवटी अंचल में श्री श्रीवास्तव शीलभद्र, अंचल अधिकारी के पद पर 5 वर्षों से नहीं अपितु दिनांक 11.12.90 से पदस्थापित हैं ।

(2) सामान्य प्रक्रिया के अनुसार पदाधिकारियों का स्थानान्तरण/पदस्थापन तीन वर्षों के बाद किया जाता है । उसी क्रम में श्री श्रीवास्तव शीलभद्र, अंचल अधिकारी केवटी का स्थानान्तरण/पदस्थापन विभागीय अधिसूचना सं०- 1737 दिनांक-31.12.93 द्वारा अंचल अधिकारी, रनियाँ (राँची) के पद पर किया जा चुका है ।

(3) उत्तर खंड-2 के आलोक में प्रश्न ही नहीं उठता है ।

## रोड का सुदृढ़ीकरण

1043. **श्री देव दयाल** :- क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि -

(1) क्या यह बात सही है कि हजारीबाग नगरपालिका क्षेत्र के यादो बाबु चौक से राम नगर नाला तक डेढ़ कि०मी० रोड की हालत वर्ष 1992 से जर्जर एवं दयनीय स्थिति में है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त रामनगर रोड का सुदृढ़ीकरण करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?